an>

Title: Need to upgrade Panchkula railway station.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : अध्यक्ष महोदया, जननायक श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन को ए-वन रेलवे स्टेशन बनाने का निर्णय भारत सरकार ने लिया है। मैं माननीय रेल मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि चंड़ीगढ़ रेलवे स्टेशन के पूर्व की ओर मेरा लोक सभा क्षेत्र है। अम्बाला के अंतर्गत पंचकुला जिले का एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। मुझे यह जानकर बड़ी हैरानी हुई जब मुझे लिखित जवाब मे मंत्रालय द्वारा बताया गया कि पंचकुला नाम का कोई रेलवे स्टेशन नहीं है। मैंने अपनी 13वीं लोक सभा के कार्यकाल में भी इस रेलवे स्टेशन की ओर मंत्रालय का ध्यान दिलाया था। उस समय के रेल मंत्री ने खुद पंचकुला रेलवे स्टेशन का भव्य निर्माण करने के लिए पंचकुला साइड से शिलान्यास भी किया था। उस समय के हरियाणा के मुख्य मंत्री भी रेल मंत्री के साथ थे। आज तक पंचकुला साइड में यह स्टेशन प्रभावी ढंग से कार्य नहीं कर पाया है और न ही उस साइड में कोई प्रशासनिक ब्लॉक इत्यादि बना है। पंचकुला रेलवे स्टेशन को केवल भव्य बनाने की बात न होकर चंडीगढ़ की तरफ से बढ़ रहे ट्रैफिक को कम करने की दÂिष्ट से भी पंचकुला साइड के रेलवे स्टेशन का अपग्रेडेशन करना अति जरूरी है। मेरे ध्यान में लाया गया है कि चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन को विश्व स्तर का बनाने का फैसला लिया गया है। इसलिए मैं मांग करता हूं कि इस रेलवे स्टेशन का नाम चंडीगढ़-पंचकुला रेलवे स्टेशन रखा जाए व चंडीगढ़ की ओर से मिलने वाली सभी मूलभूत सुविधाओं को पंचकुला की ओर भी प्रदान कराया जाए। प्रकृति के नियमों के अनुसार भी यह अच्छा नहीं लगता कि शरीर का एक भाग शक्तिशाली हो और दूसरा कमजोर रहे। जब दोनों स्टेशन एक ही स्थान पर है, मैं केवल एक साइड को उन्नत करने की मांग कर रहा हूं। मुझे पूर्ण आशा है कि आदरणीय मंत्री जी इस पर फैसला करेंगे।

माननीय अध्यक्ष :

श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री रोडमल नागर,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री आलोक संजर श्री रत्न लाल कटारिया द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।